उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति

(उ0प्र0 सरकार द्वारा गठित)

मौलाना अली मियां मेमोरियल हज हाउस, सरोजनीनगर, लखनऊ

वेबसाइटः hajcommittee.up.gov.in ; ई–मेल : shcuplko@rediffmail.com;

पत्रांक : जी–।।/3556/एस.एच.सी/2024 दिनांक : 05.03.2024

–: प्रेस विज्ञप्ति :–

हज–2024 हेतु उ0प्र0 से जाने वाले हज यात्रियों के सहायतार्थ व मार्गदर्शनार्थ प्रदेश सरकार की ओर से भेजे जाने वाले ख़ादिमुल हुज्जाज (हज सेवक) का चयन मा0 मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज की श्री धर्मपाल सिंह जी की अध्यक्षता में लाट्री के माध्यम से किया गया। इस अवसर पर मा0 राज्य मंत्री अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज श्री दानिश आज़ाद अंसारी जी व मा0 अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति श्री मोहसिन रज़ा जी विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उ0प्र0 राज्य हज समिति के मा0 सदस्यगण की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

खादिमुल हुज्जाज हेतु कुल 273 आवेदकों ने निर्धारित समय में ऑनलाइन आवेदन किया जिसकी स्कूटनी कार्यालय स्तर पर की गयी। 160 आवेदकों को पात्र पाया गया जिसमें 150 पुरुष व 10 महिलाएं हैं। खादिमुल हुज्जाज में दो बार से अधिक बार गये, हज–2023 में गये, निर्धारित समय में आवश्यक प्रपत्र ऑनलाइन अपलोड न किये जाने, हज/उमराह का प्रमाण न होने, पासपोर्ट की वैद्यता न होने के कारण ऐसे आवेदन अपात्र कर दिये गये। हज कमेटी आफ इण्डिया के निर्देशों के अनुसार 300 हज यात्रियों पर 01 खादिमुल हुज्जाज भेजा जाना है, इस वर्ष उत्तर प्रदेश से कुल 19,702 हज आवेदकों का चयन हुआ है जिसमें 1404 आवेदन विभिन्न कारणों से निरस्त हो गये हैं। इस प्रकार 18,298 हज यात्री हज यात्रा करेंगे। इस प्रकार 300 आवेदक पर एक के अनुपात में 61 खादिमुल हुज्जाज का चयन होना है।

उक्त के क्रम में आज पर्ची निकलवाकर 61 ख़ादिमुल हुज्जाज (हज सेवक) का चयन किया गया। शेष सूची में से प्रतीक्षा सूची हेतु 10 प्रतिशत के आधार पर 06 आवेदकों का चयन किया गया।

लाटरी कार्यक्रम के बाद उ0प्र0 राज्य हज समिति की एक बैठक आयोजित की गयी जिसमें मा0 अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य हज समिति श्री मोहसिन रज़ा जी की अध्यक्षता में हज–2024 की तैयारियों व अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की गयी व प्रस्ताव पारित हुए।

सचिव/कार्यपालक अधिकारी

उ0प्र0 राज्य हज समिति